**Dainik Bhaskar**
**(20/10/2013 ; Page no. 3)**

# आईआईटी के देवेंद्र यादव को मिलेगा प्रेसिडेंट मेडल

**कन्वोकेशन आज**

## कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के 34, इलेक्ट्रिकल के 36, मैकेनिकल के 24 छात्रों को डिग्री मिलेगी

संजय सैणी | मंडी


प्रदेश की एक मात्र आईआईटी मंडी से पास आउट प्रथम बैच के छात्रों में आईआईटी के देवेंद्र यादव को प्रेसिडेंट मेडल मिलेगा। प्रथम बैच में पास आउट होने वाले 94 छात्रों में से सौरव जैन को डायरेक्टर गोल्ड मेडल से नवाजा जाएगा। इसके अलावा वी वीगणेश को सिल्वर मेडल, मृनमॉय को सिल्वर मेडल व अमनजोत कौर को जर्मन भाषा के लिए एंडोमेंट प्राइज से नवाजा जाएगा। सभी मेधावी छात्रों को यह गोल्ड मेडल उनकी ऑल राउंड बेहतर एकेडमिक परफॉरमेंस के लिए दिया जाना है।

**94 छात्रों को मिलेगी डिग्री :** आईआईटी मंडी में रविवार के दिन कमांद कैंपस में आयोजित होने वाले प्रथम कन्वोकेशन में प्रथम बैच के पासआउट होने वाले सभी छात्रों को डिग्रियां दी जाएगी। जिसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के लिए 34 छात्रों, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के लिए 36 छात्रों व मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 24 छात्रों को डिग्री मिलेगी। मंडी आईआईटी के डायरेक्टर टीए गॉन्सालविस के अनुसार आईआईटी में पहली बार किसी छात्र को डायरेक्टर गोल्ड मेडल दिया जा रहा है। विभिन्न मेडल प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्रों को उनकी बेहतर परफॉरमेंस के आधार पर यह मेडल दिए जा रहे हैं।

**फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित :** शनिवार के दिन मंडी आईआईटी कमांद कैंपस में फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। मंडी आईआईटी के डॉ. शैल शंकर ने बताया कि कन्वोकेशन से पहले फुल ड्रेस रिहर्सल करवाई गई है ताकि कन्वोकेशन में किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। प्रथम कन्वोकेशन को लेकर पास आउट होने वाले प्रथम बैच के साथ साथ आईआईटी के छात्रों में भारी उत्साह है।

### टाटा कम्यूनिकेशन के चेयरमैन करेंगे सम्मानित

आईआईटी के सभी मेधावी छात्रों को टाटा कम्यूनिकेशन के चेयरमैन सुबोध भार्गव मेडल देकर सम्मानित करेंगे। कमांद कैंपस में आयोजित होने वाले प्रथम कन्वोकेशन में कार्यक्रम में प्रथम बैच के पास आउट होने वाले सभी छात्रों को डिग्रियां भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन आईआईटी के डायरेक्टर टीए गॉन्सालविस की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। टाटा कम्यूनिकेशन के चेयरमैन सुबोध भार्गव रुढ़की यूनिवर्सिटी से 1962 के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विषय में डिग्री प्राप्त है। जिनके पास एक लंबा अनुभव है।



"आईआईटी की प्रथम कन्वोकेशन रविवार को आयोजित की जाएगी। जिसमें छात्रों को डिग्रियां वितरित की जाएगी। कन्वोकेशन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

**डॉ. शैल शंकर,**
प्रोफेसर आईआईटी मंडी

**Dainik Jagran**
**(20/10/2013 ; Page no. 4)**

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के होनहारों का होगा सम्मान

**वरिष्ठ संवाददाता, मंडी :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी रविवार को अपने पहले दीक्षांत समारोह का आयोजन कर रहा है। इस समारोह में जहां संसथान के पहले बैच के 97 स्टूडेंटस को डिग्रियां बांटी जाएंगी। वहीं संस्थान के पाच होनहारों को गोल्ड मेडल और अवार्ड दिए जाएंगे। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के प्रोफेसर श्रीपद पी माहुलिकर और स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रो. अरुण दत्त ने बताया कि टाटा कम्युनिकेशन के अध्यक्ष सुबोध भार्गव समारोह के मुख्यातिथि होंगे जबकि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बोर्ड ऑफ गर्वनर के अध्यक्ष एम नटराजन गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। उन्होंने बताया कि इस समोराह में मुख्यातिथि इस संस्थान के पांच होनहार स्टूडेंट को मेडल और अवार्ड प्रदान करेंगे। अकादमी स्टडीज में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए देविंद्र यादव को प्रेजिडेंट गोल्ड मेडल के अलावा कंप्यूटर साइंस व इंजीनियरिंग में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए संस्थान का सिलवर मेडल प्रदान किया जाएगा। सौरभ जैन को अकादमिक और अन्य गतिविधियां में अव्वल रहने पर डायरेक्टर गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। वी विगनेश को इलेक्ट्रिक इंजीनियर में अव्वल प्रदर्शन के लिए संस्थान का सिल्वर मेडल, जबकि मृनमॉय विश्वास को मैकेनिक इंजीनियरिंग में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सिल्वर मेडल प्रदान किया जाएगा। अमनजीत कौर को मिरर स्ट्रीम इन जर्मन लेंगुएज के लिए बाला सुंदरम एंडोमेंट अवार्ड प्रदान किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में बीटेक के 98 व एमएस के एक छात्र को डिग्री प्रदान की जाएगी। समारोह में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की अब तक की उपलब्धियों और शोध और अनुसंधान के बारे में भी संस्थान के निदेशक की ओर से विस्तृत रिपोर्ट पढ़ी जाएगी।

**Divya Himachal**
**(20/10/2013 ; Page no. 7)**


दिव्य हिमाचल
divyahimachal.com

# आईआईटी मंडी का दीक्षांत समारोह आज

## पहले बैच के 98 होनहार विद्यार्थियों को मिलेंगी डिग्रियां

■ दिव्य हिमाचल ब्यूरो, मंडी

हिमाचल रेंज देश के पहले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी में रविवार को पहले दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। इस समारोह में संस्थान के 95 बीटेक कर चुके छात्रों, दो स्नातकोत्तर डिग्री पूरी करने वाले छात्रों व एक पीएचडी शोद्धार्थी को डिग्री प्रदान की जाएगी, वहीं संस्थान के पांच होनहारों को गोल्ड मेडल और अवार्ड दिए जाएंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के स्कूल ऑफ ईंजीनियरिंग के प्रोफेसर श्रीपद पी माहुलिकर और स्कूल ऑफ कम्प्यूटिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर अरुण दत्त ने बताया कि टाटा कम्युनिकेशन के अध्यक्ष सुबोध भार्गव समारोह के मुख्यातिथि होंगे, जबकि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बोर्ड ऑफ गवर्नर के अध्यक्ष एम नटराजन गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की अब तक की उपलब्धियों और शोध और अनुसंधान के बारे में भी संस्थान के निदेशक की ओर से विस्तृत रिपोर्ट पढ़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि आईआईटी मंडी न केवल तकनीकी ज्ञान, बल्कि समाज के उत्थान के लिए अन्य कार्यों में भी सहभागिता कर रहा है। उन्होंने बताया कि अकादमी स्टडीज में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए देवेंद्र यादव को प्रेजिडेंट गोल्ड मेडल के अलावा कम्प्यूटर साइंस व इंजीनियरिंग में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए संस्थान का सिल्वर मेडल प्रदान किया जाएगा। सौरा जैन को अकादमिक और अन्य गतिविधियां में अव्वल रहने पर डायरेक्टर गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा वी विगनेश को इलेक्ट्रिक इंजीनियर में अव्वल प्रदर्शन के लिए संस्थान का सिल्वर मेडल मिलेगा। मृनमॉय बिश्वास को मेकेनिक इंजीनियरिंग में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सिल्वर मेडल और अमनजीत कौर को मिरर स्ट्रीम इन जर्मन लेंग्वेज के लिए बाला सुंदरम एंडोमेंट अवार्ड प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आईआईटी में किए गए रिसर्च समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन को सरल बनाते हैं और उन्हें ज्यादा सुविधाएं प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

**■ टाटा कम्युनिकेशन के चेयरमैन होंगे मुख्यातिथि**

**Times of India**
(20/10/2013 ; Page no. 3)

# IIT Mandi to hold first convocation

TIMES NEWS NETWORK

**Shimla:** Indian Institute of Technology (IIT), Mandi, the youngest of all IITs and the only IIT in the Himalayas, will be celebrating its first convocation ceremony on Sunday. As part of this convocation, 94 BTech students, 2 MS students, and 1 PhD student would graduate from the institute. Currently, IIT Mandi has 564 students, including 109 research scholars, spread across its Mandi and Kamand campuses. Among the graduating students in the first convocation, there are 34 students graduating with a BTech degree in computer science and engineering, 36 students graduating with a BTech degree in electrical engineering, and 24 students graduating with a BTech degree in mechanical engineering.

As part of the graduating students, Shejin T will receive the first MS degree from IIT Mandi for his thesis titled "Significance of Dictionary for Sparse Coding based Face Recognition." The second MS degree recipient from IIT Mandi will be Ranjit Singh for his thesis titled, "Modeling and Performance Analysis of Three Phase Grid Connected Solar Photovoltaic System." IIT Mandi will also confer its first PhD degree to Priyanka Manchanda, a research scholar in School of Basic Sciences.

**The institute's first placement season in 2012-13 saw many students placed in top companies and government organizations**

IIT Mandi's first placement season in 2012-13 saw many students placed in top companies and government organizations. A number of students made it to top institutions like University of Toronto, Georgia Tech, and Carnegie Mellon University for pursuing graduate education. In all, 88% of IIT Mandi students were placed with an average package of 7.7 lakhs and the highest package of 18 lakhs.

Amar Ujala (21/10/2013 ; Page no. 7)

# 94 इंजीनियरों को स्नातक की डिग्री

## आईआईटी मंडी के पहले दीक्षांत समारोह में किए गए सम्मानित

अमर उजाला ब्यूरो

**कटौला (मंडी)।** वो खुशी का पल... हाथ में डिग्री... चेहरे पर मुस्कान और मन में भविष्य की उड़ान। आईआईटी मंडी के पहले दीक्षांत समारोह में सम्मान पाने के बाद मेधावियों का जोश देखते ही बन रहा था। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में रविवार को हुए दीक्षांत समारोह को वे शायद ताउम्र न भूल पाएं। इस संस्थान से पहली डिग्री हासिल करने का मौका जो उन्हें मिला था।

बीटेक के पहले बैच में बैचलर डिग्री और मेडल हासिल करने वाले मेधावी काफी उत्साहित नजर आए। बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और मेकेनिकल इंजीनियर के 94 मेधावियों को बैचलर डिग्री दी गई। बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच छात्रों को मेडल और अवार्ड से नवाजा गया।

प्रियंका मनचंदा को पीएचडी उपाधि से अलंकृत किया गया। आईआईटी कमांद परिसर में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग के 34, इलेक्ट्रिकल के 36 तथा मेकेनिकल इंजीनियरिंग के 24 छात्रों को बीटेक की बैचलर डिग्री के साथ पांच छात्रों को मेडल दिया गया। अकादमी स्टडीज में बेहतरीन प्रदर्शन पर देविंद्र यादव को राष्ट्रपति गोल्ड मेडल के अलावा कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में बेहतर प्रदर्शन पर संस्थान की ओर से सिल्वर मेडल से नवाजा गया। सौरभ जैन को अकादमी गतिविधियों में सिल्वर मेडल, वी. विगनेश को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में सिल्वर मेडल, मरीनमॉय विश्वास को मेकेनिक इंजीनियरिंग में सिल्वर, अमनजीत कौर को मिरर स्ट्रीम इन जर्मन लैंग्वेज में बाला सुंदरम एंडोमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

अमर उजाला



आईआईटी मंडी में दीक्षांत समारोह के दौरान उपस्थित सम्मान पाने वाले मेधावी।



प्रियंका मनचंदा को पीएचडी उपाधि देते संस्थान के निदेशक।

- बेहतर परफार्मेंस पर पांच मेधावियों को मेडल, अवार्ड
- प्रियंका मनचंदा को पीएचडी की उपाधि से नवाजा गया

### सुबोध भार्गव ने नवाजे मेधावी

मंडी। आईआईटी मंडी ने रविवार को पहला दीक्षांत समारोह मनाया गया। इसकी अध्यक्षता टाटा कम्युनिकेशन लिमिटेड के चेयरमैन सुबोध भार्गव ने की। स्थानीय संगीतकार अछरूराम गौतम की ओर से तैयार संगीत साउंड ऑफ माउंटेंस की मधुर स्वर लहरियों के बीच मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्ति मंच तक पहुंचे। आईआईटी के निदेशक प्रो. तिमोथी ए गोंजाल्विस ने चार साल के सफर ब्योरा रखा। उन्होंने प्रथम पीएचडी प्रियंका मनचंदा समेत विभिन्न विषयों के स्नातकों को डिग्रियां प्रदान कीं। राष्ट्रपति की ओर से गोल्ड मेडल हासिल करने वाले कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के छात्र देवेंद्र यादव को सुबोध भार्गव ने नवाजा। भार्गव ने पास आउट छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इसके बाद ही उनकी असली जिंदगी की शुरुआत होगी। जिंदगी में हर पल सीखते रहने की आवश्यकता है। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन एम नटराजन ने भी विचार रखे।

## Dainik Bhaskar-Himachal Bhaskar (21/10/2013 ; Page no. 1)

# प्रियंका मनचंदा आईआईटी मंडी की पहली डॉक्टरेट

## दीक्षांत समारोह: आईआईटी मंडी में 94 बीटेक छात्रों को डिग्रियां बांटी, राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का संदेश सुनाया

भास्कर न्यूज़ | मंडी

मंडी आईआईटी का पहला दीक्षांत समारोह कमांद कैंपस में आयोजित किया गया। समारोह में टाटा कम्युनिकेशन के चेयरमैन सुबोध भार्गव ने छात्रों को मेडल और मंडी आईआईटी के डायरेक्टर प्रो. टीए गौनसाल्विज ने डिग्रियां बांटी।

आईआईटी मंडी की पहली पीएचडी डिग्री होल्डर पास आउट प्रियंका मनचंदा, दो एमएस छात्रों सेजिन और रंणजीत सिंह को एमएस की डिग्री के अलावा पहले बैच के बीटेक के 94 पास आऊट छात्रों को डिग्रियां दी गईं। समारोह में मंडी आईआईटी के बोर्ड ऑफ गर्वनर के चेयरमैन एम नटराजन गेस्ट ऑफ



सुबोध भार्गव देवेंद्र यादव को प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल देकर सम्मानित करते हुए।

ऑनर के रूप में उपस्थित हुए। समारोह में सबसे पहले राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का संदेश सुनाया गया। उसके बाद केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री एमएम पालम राजू का संदेश छात्रों को सुनाया गया।

### ये भी हुए सम्मानित

आईआईटी के देवेंद्र यादव ने प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल के साथ-साथ अनुशासनप्रिय छात्र होने का सिल्वर मेडल, सौरभ जैन ने डायरेक्टर गोल्ड मेडल ऑल राउंड आउटस्टैंडिंग परफॉरमेंस के लिए, वी वीगनेश ने सिल्वर मेडल इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अनुशासन का, मृनमॉय बिस्वास ने सिल्वर मेडल मैकेनिकल इंजीनियरिंग में अनुशासन का और अमनजोत कौर ने जर्मन लैंग्वेज के लिए पुरस्कार हासिल किया है।

### उपलब्धि बताई

आईआईटी मंडी के डायरेक्टर प्रो. टीए गौनसाल्विज ने जनसमूह के समक्ष आईआईटी की उपलब्धियां रखी। उन्होंने कहा कि मंडी आईआईटी देश भर में स्थापित नई आईआईटी में नंबर वन है। आईआईटी का मुख्य उद्देश्य हिमालयन क्षेत्र के विकास में योगदान देना है। इसमें हिमाचल के अलावा जेएंडके भी शामिल है।

### स्टूडेंट्स सीखना न छोड़ें : भार्गव

सुबोध भार्गव ने छात्रों से कहा कि असफलता से कभी न घबराएं, फेलियर यसटरडे है तो टू-डे ब्रांड न्यू, इसलिए हर दिन एक, नई शुरुआत, नए जोश से करनी चाहिए। असफलता ही सफलता का रास्ता बनाती है। जिंदगी में सिखना कभी भी मत छोड़ो अगर सिखना छोड़ दिया तो जिंदगी में सफल नहीं हो पाएंगे।


## Dainik Jagran-Jagran City (21/10/2013 ; Page no. 3)

# होनहारों को मेडल, पहले बैच को डिग्रियां

कार्यक्रम

- भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान मंडी के पहले दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन
- संस्थान के निदेशक ने पढ़ी रिपोर्ट गिनवाई संस्थान की उपलब्धियां









(1) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित करते संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नज के चेयरमैन एम नटराजन। (2) संस्थान के निदेशक तिमोथी ए गोंजालविस। (3) प्रेजिडेंट ऑफ इंडिया गोल्ड मैडल विजेता देवेंद्र यादव। (4) पहली पीएचडी करने वाली छात्रा प्रियंका मनचंदा। जागरण

वरिष्ठ संवाददाता, कमांद (मंडी) : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी के कमांद परिसर में रविवार को पहले दीक्षांत समारोह में होनहारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहले बैच के 94 बीटेक, दो एमएम और एक पीएचडी स्टूडेंट को डिग्रियां- प्रदान की गई। अकादमी स्टडीज में शीर्ष प्रदर्शन के लिए देविंद्र यादव को प्रेजिडेंट गोल्ड मेडल और कंप्यूटर साइंस व इंजीनियरिंग में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए संस्थान का सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। सौरभ जैन को अकादमिक और अन्य गतिविधियां में अव्वल रहने पर डायरेक्टर गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। वी विगनेश को इलेक्ट्रिक इंजीनियर में अव्वल प्रदर्शन के लिए संस्थान का सिल्वर मेडल, जबकि मृनमॉय विश्वास को मैकेनिक इंजीनियरिंग में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सिल्वर मेडल प्रदान किया केया। अमनजीत कौर को मिरर स्ट्रीम इन जर्मन लैंगुएज के लिए बाला सुंदरम एंडोमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता टाटा कम्युनिकेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सुबोध भार्गव ने की जबकि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बोर्ड ऑफ गर्वनर के अध्यक्ष एम नटराजन विशिष्ट अतिथि थे। संस्थान के निदेशक तिमोथी ए गोंजालविस ने संस्थान की रिपोर्ट पढ़ी।

उन्होंने संस्थान में अब तक हुए अनुसंधान, संस्थान को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से मिली प्रोजेक्टस ग्रांटस और शोध की दिशा में विभिन्न राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से हुए समझौतों के बारे में जानकारी दी।

### आठ करोड़ की 20 प्रोजेक्ट ग्रांट्स

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी को अब तक विभिन्न संस्थाओं की ओर से आठ करोड़ की 20 प्रोजक्टस ग्रांटस मिली हैं। सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग ने भारतीय भाषाओं में टेक्स्ट टू स्पीच सिस्टम विकसित करने के लिए 76 लाख की ग्रांट दी है जबकि विज्ञान और तकनीक विभाग की ओर से ग्रामीण स्तर पर चीड़ की पत्तियों से उद्योग लगाने के लिए 80 लाख की ग्रांट मिली है। छह भारतीय विवि व नौ ब्रिटिश विश्वविद्यालयों के साथ मिल कर नई पीढ़ी के लिए अत्याधुनिक तकनीक केंद्र विकसित करने के लिए विज्ञान व तकनीक विभाग की ओर से 85 लाख की प्रोजेक्ट ग्रांट मिली है।

### राष्ट्रपति ने दी बधाई

राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी के पहले दीक्षांत समारोह पर संस्थान से पास होकर जाने वाले पहले बैच के विद्यार्थियों को बधाई दी है। उनका बधाई संदेश दीक्षांत समारोह में पढ़कर सुनाया गया। केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री डॉ. एमएम पल्लम राजू और मानव संसाधन मंत्रालय के सचिव अशोक ठाकुर ने भी संस्थान के पहले दीक्षांत समारोह पर निदेशक, फेकल्टी सदस्यों व पास होकर जाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।

**Divya Himachal (21/10/2013 ; Page no. 7)**

# देवेंद्र को प्रेजिडेंट गोल्ड मेडल



- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने 97 विद्यार्थियों को बांटी डिग्रियां
- मंडी आईआईटी में हुआ पहला दीक्षांत समारोह

दिव्य हिमाचल ब्यूरो, मंडी

हिमाचल प्रदेश की देवभूमि मंडी में कहल नदी के किनारे बसे हिमालयन रेंज के पहले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी के प्रथम दीक्षांत समारोह में प्रतिभाओं को सम्मान दिया गया। आईआईटी मंडी के प्रथम दीक्षांत समारोह में कैंपस में तैयार इंजीनियरों की पहली पौध को गरिमापूर्ण समारोह में डिग्रियां बांटी गईं। आईआईटी के कमांद कैंपस में आयोजित इस समारोह में कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के छात्र देवेंद्र यादव को बहुमुखी प्रतिभा के लिए प्रेजिडेंट गोल्ड मेडल से नवाजा गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि टाटा कम्युनिकेशन लिमिटेड के चेयरमैन सुबोध भार्गव ने सम्मानित किया। इसके साथ ही आईआईटी मंडी से पहली पीएचडी करने वाली प्रियंका मानचंदा को भी डिग्री से नवाजा गया। कार्यक्रम में 97 विद्यार्थियों को डिग्रियां बांटी गईं। वहीं इस समारोह में मेडल व डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरों की रौनक देखते ही बनती थी। समारोह में कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के 34 विद्यार्थियों, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 36 और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 24 विद्यार्थियों को डिग्रियां बांटी गईं। इसके साथ ही दो विद्यार्थियों को मास्टर इन साइंस की डिग्री भी दी गई। वहीं मेडल पाने वालों में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा कम्युनिकेशन लिमिटेड के चेयरमैन सुबोध भार्गव ने प्रेजिडेंट गोल्ड मेडल के लिए देवेंद्र यादव, डायरेक्टर गोल्ड मेडल के लिए सौरभ जैन और इंस्टीच्यूट सिल्वर मेडल के लिए देवेंद्र यादव को मेडल से नवाजा। इसके साथ ही बोंसी गणेश को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में इंस्टीच्यूट सिल्वर मेडल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मीरनमोय विश्वास को इंस्टीच्यूट सिल्वर मेडल और अमनजीत कौर को बालासुंदरम एंडोमेंट मेडल से भी उनकी उपस्थिति में घोषित किया गया। वहीं कार्यक्रम में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री से रणजीत सिंह को नवाजा गया। इसके अलावा कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में अमित कुमार स्वामी, देवेंद्र यादव, गवलेसामराव, हर्षुल जैन, हिमानी गोमटा, जे साई सागर, के साई श्रीनिवासन, कैरामा कृष्णा रेड्डी, राहुल जैन, राजकमल सिंह, शेखर, सोमा चार्विक, सुमित सिंह अरोड़ा, स्वेश तनेजा, वैभव अग्रवाल, युगदीप बांगर, देवांग मोयल और शेखर अग्रवाल को डिग्री से नवाजा गया। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अखिलेश कुमार, अमित कुमार, श्रीकांत दास, ध्रुव परमार, यशवंत कुमार, कन्हैया मिश्रा, कुलदीप पुरोहित, मोहित कुमार मल्होत्रा, सौरभ जैन, मुकेश मेहतानी, उदय मित्तल, वी विगनेश, बोदना मित्तल, करियमशेट्टी रोशनी, कुलकर्णी अक्षय जयंत, महेश कमावत और पुनीत सेठी को डिग्री से नवाजा गया। इसके अलावा मैकेनिकल इंजीनियरिंग में अंकुर नाहर, अंकुश सिंगला, के प्रमोद जैन, मनीष शंकरम, प्रियंक बी पटेल, रजन, एस विजय, राहुल राज, सक्षम ग्रोवर, सुचि कुमार और सुनील चौधरी को डिग्री दी गई।



मंडी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित दीक्षांत समारोह में मौजूद डिग्री प्राप्त करने वाला बी-टेक का पहला बैच

# 97 छात्र बने डिग्री के हकदार


## टाटा कम्युनिकेशन के चेयरमैन ने होनहारों को किया सम्मानित

दिव्य हिमाचल ब्यूरो, मंडी

कहल नदी के किनारे बसे देश नौवें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी में प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन गरिमापूर्ण समारोह में संपन्न हुआ। आईआईटी के कमांद कैंपस में रविवार को आईआईटी के प्रथम बैच में डिग्री पूरी कर चुके 94 इंजीनियर, मास्टर ऑफ साइंस के दो विद्यार्थियों और एक पीएचडी धारक को डिग्री भेंट की गई। भव्य समारोह में डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थियों के चेहरे की चमक न सिर्फ देखते ही बनती थी, बल्कि उनके कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक भी कम गर्व महसूस नहीं कर रहे थे। वहीं दीक्षांत समारोह में टाटा कम्युनिकेशन लिमिटेड के चेयरमैन सुबोध भार्गव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और होनहारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर जहां आईआईटी के निदेशक प्रो. तिमोथी ए गोंजाल्विस ने विद्यार्थियों को डिग्रियां भेंट कीं, वहीं मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुबोध भार्गव ने सम्मानित किया। उधर, कार्यक्रम की शुरुआत बड़े ही गरिमापूर्ण तरीके से हुई। स्थानीय संगीतकार अक्षय्क्रम गौतम द्वारा तैयार संगीत साउंड आफ माउंटेन्स की मधुर स्वर लहरियों के बीच इस समारोह में पधारे मुख्यातिथि और अन्य गणमान्य हस्तियों समेत लाल कारपेट पर मंच तक पहुंचे। प्रो. तिमोथी ए गोंजाल्विस ने मंडी के चार साल के सफरनामे के बारे में भी बताया। मुख्यातिथि सुबोध भार्गव ने आईआईटी पासआउट छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अब उनकी असली जिंदगी और असली जंग शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि जिंदगी में हर पल सीखते रहने की आवश्यकता है। इसके साथ ही भारतीय उद्योग जगत को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए लगातार बदलाव की जरूरत रहती है। वहीं इस अवसर पर बोर्ड आफ गवर्नर के चेयरमैन एम नटराजन ने भी अपने विचार रखे।

Hindustan Times
(21/10/2013 ; Page no. 2)

# ALL SMILES



Director Timothy A Gonsalves conferring a degree on a BTech student of the first batch of the Indian Institute of Technology (IIT), Mandi, on the first convocation at Kamand in Mandi district on Sunday. As many as 98 BTech students and a PhD student graduated from the institute. Tata Communications Limited chairman Subodh Bhargava presided over the function and M Natarajan, chairman of board of governors, IIT, Mandi, was the chief guest. BIRBAL SHARMA/HT

**Punjab Kesari-Local (21/10/2013 ; Page no. 4)**

IIT, MANDI (HP)

# राष्ट्रपति गोल्ड मैडल से नवाजा देवेंद्र

## कमांद में मनाया दीक्षांत समारोह, 94 विद्यार्थियों को बी.टैक. और 2 को मिली मास्टर डिग्री, प्रियंका मनचंदा पहली पीएच.डी. डिग्री होल्डर

मंडी, 20 अक्तूबर (पुरुषोत्तम): आई.आई.टी. मंडी ने रविवार को अपना पहला दीक्षांत समारोह कमांद में मनाया। समारोह की अध्यक्षता टाटा कम्युनिकेशन लिमिटेड के चेयरमैन सुबोध भार्गव ने की। निदेशक प्रो. टिमोथी ए. गोंसाल्विस ने समारोह में पधारे मुख्यातिथि और अन्य गण्यमान्य लोगों का स्वागत किया। उन्होंने मंडी आई.आई.टी. की प्रथम पीएच.डी. डिग्री होल्डर प्रियंका मनचंदा व विभिन्न विषयों के स्नातकों को डिग्रियां प्रदान कीं। राष्ट्रपति की ओर से गोल्ड मैडल कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के छात्र देवेंद्र यादव को देकर मुख्यातिथि सुबोध भार्गव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने पास आउट छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इसके बाद ही उनकी असली जिंदगी की शुरूआत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि आई.आई.टी. मंडी भले ही अभी पूरी तरह से अपना स्ट्रक्चर खड़ा नहीं कर पाई है लेकिन छात्रों के रूप में बौद्धिक स्ट्रक्चर का बेहतरीन निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि भाव से भावना ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपनी सोच को सकारात्मक बनाएं, वास्तविकता को पहचानें और चुनौतियों को स्वीकारते हुए आगे बढ़ें। बोर्ड ऑफ गवर्नर्ज के चेयरमैन एम. नटराजन ने भी अपने विचार रखे। इससे पूर्व स्थानीय संगीतकार अशरू राम गौतम द्वारा तैयार संगीत साऊंड ऑफ माऊंटेनस की मधुर स्वर लहरियों के बीच मुख्यातिथि व अन्य गण्यमान्य मंच तक पहुंचे। इसके बाद 94 विद्यार्थियों को बी.टैक. और 2 को मास्टर डिग्री सौंपी गई जबकि आई.आई.टी. मंडी की पहली पीएच.डी. डिग्री होल्डर प्रियंका मनचंदा को भी सम्मानित किया गया।



मंडी : आई.आई.टी. मंडी के कमांद कैंपस में पहले दीक्षांत समारोह में उपस्थित बी.टैक. प्रथम बैच के 94 पास आऊट छात्र। (पंके)



मंडी : दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि से पीएच.डी. डिग्री प्राप्त करती हुई प्रियंका मनचंदा। (पंके)

## इनको मिली डिग्रियां

### इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग

इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में अखिलेश कुमार, अमित कुमार, श्रीकांत दाम, ध्रुव परमार, यशवंत कुमार, कन्हैया मिश्रा, कुलदीप पुरोहित, मोहित कुमार मल्होत्रा, सौरभ जैन, सुकेत मेहतानी, उदय मित्तल, वी. विगनेश, वंदना मित्तल, करियम शेट्टी, रोशनी कुलकर्णी, अक्षय जंयत, महेश कमावत और पुनीत सैठी को डिग्री से नवाजा गया।

### मैकेनिकल इंजीनियरिंग

मैकेनिकल इंजीनियरिंग में अंकुर नाहर, अंकुश सिंगला, प्रमोद जैन, मनीश शंकरम, प्रियंक बी. पटेल, रजन. एस. विजय राहुल राज सक्षम ग्रोवर, सूर्या कुमार और सुनील चौधरी को डिग्री दी गई।

### कम्प्यूटर साइंस

कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग अमित कुमार स्वामी, देवेंद्र यादव, गवलेसामराव, हर्षुल जैन, हिमानी गोम्टा, जे साईं सागर, के. साईं श्रीनिवासन, के.राम कृष्णा रैडी, राहुल जैन, राजकमल सिंह, शेखर, सोमा वानिक, सुमित सिंह अरोड़ा, स्येश तनेजा, वैभव अग्रवाल, पुनदीप डांगर, देवांग मोयल और शेखर अग्रवाल को डिग्री से नवाजा गया। इसके साथ ही वी.वी.गणेश को इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में इंस्टीच्यूट सिल्वर मैडल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मौरनमोय बीसवाश को इंस्टीच्यूट सिल्वर मैडल और अमनजीत कौर को बालासुंदरम एंडोमैंट मैडल से व मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री से रणजीत सिंह को नवाजा गया।



मंडी : दीक्षांत समारोह में प्रैजीडैंट गोल्ड मैडल हासिल करता देवेंद्र यादव। (पंके)